सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 03 श्रावण 1936 (श0) / 25 जुलाई, 2014 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 108**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 42 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 50 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 08 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 02 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 05 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 108 |

## कमी को दूर करना

'क'-*1041. श्री तारकिशोर प्रसाद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''नीतीश की लापरवाही से मेडिकल कॉलेजों में नामांकन पर रोक'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत् वर्ष में मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया ने बिहार के पाँच मेडिकल कॉलेजों में संरचनात्मक संसाधनों एवं सुविधाओं की कमी को लेकर सरकार को चेताया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया के चेतावनी के बावजूद भी सरकार द्वारा सुधार का कोई प्रयास नहीं किया गया, जिससे उक्त कॉलेजों में नामांकन पर रोक लग गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मेडिकल कॉलेजों में कबतक,संरचनात्मक संसाधानों एवं सुविधाओं की कमी को दूर करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## चालू नहीं कराने का औचित्य

*1438. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखण्ड के विद्युत् व्यवस्था की देख-रेख सोनपुर विद्युत् अवर प्रमंडल पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किया जाता है, यदि हाँ, तो 15 वर्ष पूर्व बंद किये गये विद्युत् अवर प्रमंडल पदाधिकारी कार्यालय, दिघवारा को पुनः चालू नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---------

## पदस्थापना कराना

*1439. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखण्ड के अकबरपुर गाँव में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं रहने के कारण नागरिकों को चिकित्सा से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक का पदस्थापन करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## व्यवहार न्यायालय बेनीपुर में खोलने का औचित्य

*1440. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत बिरौल अनुमण्डल बने हुये 20 वर्ष हो गये, परन्तु बिरौल व्यवहार न्यायालय, बेनीपुर में चल रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

नोट-- 'क'- दिनांक 18 जुलाई, 2014 को सदन द्वारा स्थगित ।

तार बदलना

*1441. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज नगर पंचायत में विद्युतापूर्ति हेतु लगाये गये एल0टी0एवं एस0टी0 तार काफी पुराना एवं जर्जर हो जाने के कारण विद्युत् आपूर्ति में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर तारों को बदलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1442. श्रीमती मंजू हजारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सिघिया प्रखण्ड में विद्युत् सब-स्टेशन बनकर तैयार है जिसका उद्घाटन भी हो चुका है, परन्तु सब-स्टेशन से विद्युत् आपूर्ति नहीं की जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विद्युत् सब-स्टेशन से विद्युत् आपूर्ति करने के साथ दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

इलाज बन्द करने का औचित्य

*1443. श्री (डॉ0) इजहार अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला में बी0पी0एल स्मार्ट कार्डधारी को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने हेतु जिला में 27 नर्सिंग होम तथा सर्जिकल संस्थान को 2008 में चयनित किया गया था, परन्तु सिटी हॉस्पीटल दरभंगा, सिंह सर्जिकल हॉस्पीटल बिरौल, यशराम सर्जिकल आदि द्वारा राशि की निकासी के बावजूद फरवरी, 2014 से उक्त मरीजों का इलाज बंद कर दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

प्रारंभ करना

*1444. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सदर प्रखण्ड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रानीपुर का भवन निर्माण 70 लाख की लागत से एम0एस0डी0पी0 योजना से एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कंशी का भवन निर्माण राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा 2009 में दिये गये 72 लाख की राशि से बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों में अभीतक चिकित्सीय कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सीय कार्य प्रारम्भ कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विकसित करना

*1445. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखण्ड के बेलौटी ग्राम एवं एन0एच0 84 के बगल में अवस्थित कुंडवा शिव मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना है एवं यहाँ तीर्थ यात्री तथा भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है, यदि हाँ, तो उक्त मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

नियुक्ति करना

*1446. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बी0सी0जी0 टेकनिशियन के पद पर नियमितीकरण के लिये प्रकाशित विज्ञापन सं0 01/1997 के आधार पर बिहार लोक सेवा आयोग से बी0सी0जी0 टेकनिशियन के पद के लिये कर क्रमांक 42 सहित अनुशंसित 321 उम्मीदवारों में से मेधाक्रम का उल्लंघन कर कनीय उम्मीदवारों के क्रमांक 234, 262, 315 आदि सहित मात्र 110 पद पर ही नियुक्ति की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सी0डब्ल्यू0जे0सी0 नं0 11497/2005 शमशेर सिंह अवधवाला बनाम बिहार सरकार में दिनांक 30 अप्रैल, 2008 को एवं एल0पी0ए0 नं0 326/2009 बिहार सरकार बनाम मंजीत कुमार में दिनांक 24 अक्टूबर, 2008 को पारित आदेश में नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाने के बाद विज्ञापन की शर्त के विपरीत कोई नया शर्त नहीं लगाने का नियमन दिया गया है जिसका अनुपालन बी0सी0जी0 टेकनिशियन की नियुक्ति में नहीं किया गया है तथा इसके विरुद्ध बिहार सरकार ने अपील नहीं किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बी0सी0जी0 टेकनिशियन पद पर चयनित उम्मीदवारों को मेधाक्रम के अनुसार नियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी का निर्माण

*1447. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड के प्रा0 स्वा0 उप-केन्द्र, वाघो, महिनाम, रमौली, शिवराम, तरौनी, मौजमपुर एवं हावीभौआर का भवन क्षतिग्रस्त है तथा चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रा0 स्वा0 उप-केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

उपलब्ध कराना

*1448. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिहो को 24 घंटा खुला रखने की अनुमति एक वर्ष पूर्व सरकार द्वारा दिया गया था परन्तु आजतक उक्त सुविधा लागू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिहो को 24 घंटा खोलकर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

चालू करना

*1449. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के अन्तर्गत नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में ब्लड बैंक अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह ब्लड बैंक वर्ष, 2009 से बन्द पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बन्द पड़े ब्लड बैंक को चालू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*1450. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन, शेखपुरा के द्वारा जून, 2013 में विभिन्न पदों पर पदस्थापित 100 व्यक्तियों का सामुहिक स्थानान्तरण किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्रीय उप-निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, मुंगेर प्रमंडल द्वारा स्थानान्तरण की जाँच करायी गयी, जिसके जाँच प्रतिवेदन में उक्त स्थानान्तरण को रद्द करने की अनुशंसा की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोपनीय शाखा से किया गया स्थानान्तरण को रद्द करना चाहती है, साथ ही दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुआवजा देना

*1451. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखंड के सैठना गाँव में 25 अप्रैल, 2014 को 10 बजे दिन में बिजली तार गिरने से गाँव के विनोद सिंह पे0 रामनरेश सिंह का चार एकड़, उमाशंकर सिंह पे0 स्व0 भोला सिंह का ढाई एकड़ तथा बृजनन्दन सिंह पे0-स्व0 राघो सिंह का दो एकड़ में लगे गेहूँ का फसल जलकर राख हो गया जिसकी लिखित सूचना जिलाधिकारी, लखीसराय को दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों किसानों को क्रमश: लगभग 60 हजार, 36 हजार तथा 30 हजार मूल्य के गेहूँ जलकर राख हो गये और आजतक किसी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं मिली है, जबकि इसका सरकारी प्रावधान है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त तीनों किसानों को उचित मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

प्रतिनियुक्ति करना

*1452. श्रीमती पूर्णिमा यादव- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा प्रखंड, के ग्राम पंचायत-कादीरगंज के ग्राम मादीपुर स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन जर्जर है तथा वहाँ एक भी डॉक्टर प्रतिनियुक्त नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में भवन का जीर्णोद्धार करते हुये डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुधार करना

*1453. श्री (डॉ0) इजहार अहमद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 24 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''कमिश्नर को पी0 एम0 सी0 एच0 में हर जगह मिली खामियाँ'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रमंडलीय आयुक्त, पटना ने पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के औचक निरीक्षण के क्रम में पाया है कि अस्पताल के विभिन्न वार्डों में शौचालय एवं पीने के पानी की गंभीर समस्या है तथा शिशु वॉर्ड, प्रसूति एवं आकस्मिक कक्ष में वाटर कूलर एवं वेन्टीलेशन की समस्या पायी गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मरीजों के हित में यथाशीघ्र पी0 एम0 सी0 एच0 में सुधार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू कराना

*1454. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शिवाजीनगर का विद्युत् सब-स्टेशन बनकर तैयार है जिसे चालू नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसे चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*1455. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला स्वास्थ्य समिति, रोहतास द्वारा दिनांक 6 जून, 2011 को वाक-इन-इन्टरव्यू में 17 डेंटल डॉक्टरों का चयन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 17 चयनित डॉक्टरों में से मात्र पाँच डॉक्टरों की ही नियुक्ति की गयी, शेष को छोड़ दिया गया, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

कार्यान्वयन कराना

*1456. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत चण्डी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत महकार के ग्राम महकार में वर्ष 2008-09 में जिला संचालन समिति द्वारा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया था, यदि हाँ, तो अभीतक उसका कार्यान्वयन नहीं करने का क्या औचित्य है ?

पुनर्वासित करना

*1457. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा प्रखण्ड के रातगाँव पंचायत के भगवानपुर चक्की में विगत 3 वर्षों से गंगा के कटाव से 300 परिवार विस्थापित के कगार पर हो गये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार 300 विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पोल-तार लगाना

*1458. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल कटिहार अन्तर्गत कटिहार नगर के तेजा टोला, शिवाजी नगर, मोहिनी धार मुहल्ला आदि में 500 विद्युत् उपभोक्ताओं को बाँस पोल के सहारे विद्युत् संबंधन दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाँस पोल के कारण दुर्घटना एवं जान-माल की क्षति की संभावना बनी रहती है ;

(3) अगर उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँस पोलों के बदले पी0 सी0 सी0, पोल एवं तार लगाने का इरादा रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1459. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखण्ड के गणेश बनौल, नवादा पोहद्दी, रमौली शिवराम सहित 9 (नौ) अतिरिक्त प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2012-13 में स्वीकृति दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण हेतु जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 9 (नौ) अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कबतक प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मेडिसिन का भण्डारण कराना

*1460. श्री लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत चिरैया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं पताही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कुत्ता काटने, सर्प काटने का भैक्सीन एवं डी0 डी0 टी0 पाउडर का भण्डारण नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दोनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उक्त मेडिसिन का भंडारण करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि उपलब्ध कराना

*1461. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013-14 में योजना एवं विकास विभाग द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिये जिलों को आवंटित राशि सरकार द्वारा किसी जिला में, नहीं भेजा गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार त्वरित कार्रवाई करते हुये बिहार के सभी जिलों को आवंटित राशि भेजने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*1462. श्री प्रेम रंजन पटेल--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 4 जुलाई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''पाँच माह में बदले जायेंगे गाँवों के जले ट्राँसफॉर्मर'' को ध्यान में रखते हुये क्या क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत् 25 एवं 16 के0भी0ए0 के ट्राँसफॉर्मर लगाये गये थे, जिसके जलने पर एक वर्ष तक लगाने वाले एजेन्सी को बदलना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार ने शहरी क्षेत्र में 24 घंटे के अन्दर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटे के अन्दर जले ट्राँसफॉर्मर बदलने की घोषणा की थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जले ट्रांसफॉर्मर को नहीं बदलने वाले एजेंसी पर कार्रवाई करने तथा जले ट्राँसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

टेंडर नहीं होने का औचित्य

*1463. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन अन्तर्गत राज्य में वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 में लगभग 21 हजार करोड़ का टेंडर होना था जिसमें लगभग 21 हजार छोटे बड़े टेंडर हुये लेकिन राशि उपलब्धता के बावजूद लगभग 9 हजार करोड़ का टेंडर नहीं किया गया, यदि हाँ, तो इसका औचित्य है ?

-------

निर्माण कार्य पूरा कराना

*1464. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड के सिया गाँव में स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य वर्ष 2010 में शुरू कराया गया था, जो अभी तक अधूरा है, यदि हाँ, तो इसे पूरा करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

कार्यान्वयन कराना

*1465. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय आदेश सं0 10/विविध-16-85/ 2010-940 (10), दिनांक 23 जनवरी, 2012 के द्वारा समस्तीपुर जिलान्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चन्दौली को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोरवा के प्रशासनिक भवन में पद सहित स्थानान्तरण किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उक्त आदेश का अभीतक कार्यान्वयन नहीं होने का क्या कारण है तथा सरकार इसके लिये किसे दोषी मानती है, यदि हाँ, तो उक्त आदेश का सरकार कबतक कार्यान्वयन करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वीच लगाना

*1466. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज नगर पंचायतान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड द्वारा 56 ट्रॉसफॉर्मर स्थापित कर विद्युतापूर्ति की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ट्रॉसफॉर्मरों में बिना ए0बी0 स्वीच लगाये विद्युत् आपूर्ति किये जाने से काफी दिक्कत होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ट्रॉसफॉर्मरों में ए0बी0 स्वीच लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रॉसफॉर्मर लगाना

*1467. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भभुआ जिला अन्तर्गत भगवानपुर प्रखंड के भगवानपुर, पंचायत के वार्ड सं0 10 में विद्युत् की आपूर्ति प्रखंड कार्यालय में स्थित ट्रॉसफॉर्मर से होती है, जिसकी दूरी एक कि0 मी0 है जिससे लो भोल्टेज एवं फ्यूज बार-बार उड़ जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार भगवानपुर पंचायत के वार्ड सं0 10 में ट्रॉसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तार बदलना

*1468. श्री तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड में अवस्थित पावर सब-स्टेशन से लोहराहाट की दूरी 12 कि0 मी0 है तथा इस बीच में पड़ने वाले विद्युत् तार जर्जर हो गया है जिसके कारण लोहराहाट एवं अगल-बगल के गाँवों में हमेशा विद्युत् आपूर्ति बाधित होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार पुराने जर्जर तारों को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1469. डॉ० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत महिषी प्रखण्ड में कन्दहा सूर्य मंदिर एवं नवहट्टा प्रखण्ड में देवन वन मंदिर अति प्राचीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्थलों पर सम्पूर्ण बिहार के अलावा नेपाल से भी श्रद्धालु दर्शन के लिये आते है;

(3) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त दोनों धार्मिक स्थल बिहार के पर्यटन के मानचित्र में चिन्हित हैं;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्रद्धालुओं के ठहराव हेतु अतिथिशाला का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*1470. श्री राम सुरत राय—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा बुद्ध एवं धार्मिक ग्रन्थ रामायण से सम्बन्धित ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थलों को पर्यटक स्थल घोषित कर विकसित करने का प्रावधान किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत औराई प्रखण्ड स्थित भैरव स्थान एवं कटरा प्रखण्ड के चमुण्डा स्थान, मोद मंदिर एवं कटेश्वरी स्थान, कटाई ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल में से है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों को पर्यटक स्थल घोषित कर विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*1471. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत ज्ञापांक 216, दिनांक 29 जनवरी, 2014 द्वारा राशि 25,44,250, ज्ञापांक 335, दिनांक 13 फरवरी, 2014 द्वारा राशि 17,19,732, ज्ञापांक 125, दिनांक 17 सितम्बर, 2013 द्वारा राशि 31,32,000 राशि से कुल 62 ट्रॉसफॉर्मर एवं तार, पोल तथा अन्य सामग्री उपलब्ध कराकर उक्त जिला में विद्युतीकरण किया जाना है परन्तु अबतक कार्य शुरू नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आवंटित राशि से उक्त जिला में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण कराना

*1472. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत बगाही एवं गिद्धा फुलवरीया प्राथमिकता के आधार पर नव प्रस्तावित अतिरिक्त प्रा०स्वा० केन्द्र वर्ष 2008-09 में बनाने का सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र हेतु जमीन उपलब्ध है लेकिन आजतक भवन का निर्माण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बगाही एवं गिद्धा अतिरिक्त प्रा०स्वा० केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

घेराबन्दी कराना

*1473. श्री राम सेवक सिंह—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के अन्तर्गत थावे के माँ भवानी शक्ति पीठ (मन्दिर) को बिहार सरकार ने पर्यटन स्थल घोषित कर एक मास्टर प्लान के अनुसार इसका विकास करने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रस्तावित स्थल का घेराबन्दी नहीं होने के कारण दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों को काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थल का घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*1474. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखण्ड के कंयाल पंचायत के कुबरी, बासाटाड़, सुखी बिगहा, नागामठ, पंकामठ, अंधराचक, सुबेदार बिगहा, पांडेचक, बहेलिया बिगहा, आजाद नगर, राधेनगर ग्राम में आजतक विद्युतीकरण कार्य नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*1475. श्रीमती सुखदा पांडेय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार का राज्य के प्रत्येक गाँव में बिजली पहुँचाने का लक्ष्य है;

(2) क्या यह बात सही है कि आज भी बक्सर जिला के बक्सर प्रखण्ड के बभनी, रमडीहा, उनुवांव गाँवों एवं चौसा प्रखण्ड के कुसुरूपा इत्यादि गाँवों में विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्राँसफॉर्मर लगाना

*1476. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखण्ड के पसौर गाँव में कंज्यूमर अधिक है परन्तु एक ही 63 के०वी०ए० का ट्राँसफॉर्मर लगा हुआ है जिससे लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में एक अतिरिक्त ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## ट्राँसफॉर्मर लगाना

*1477. श्रीमती मंजु कुमारी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत कुढ़वा पंचायत के भट्ठी चौक पर 5 वर्ष पूर्व ट्राँसफॉर्मर स्थापित था जिसे स्थानांतरित कर 01 कि०मी० दूर कुढ़वा सामुदायिक भवन के आसपास स्थापित कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ट्राँसफॉर्मर से क्रमश: बरहेता, कुढ़वा, पुरूषोत्तमपुर एवं जनार्दनपुर पंचायत के उपभोक्ताओं को विद्युत् आपूर्ति की जाती है तथा अत्यधिक लोड के कारण वोल्टेज लो रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कुढ़वा भट्ठी चौक पर 100 के०भी०ए० का अलग ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## रेफरल अस्पताल बनाना

*1478. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सचिव, स्वास्थ्य विभाग ने पत्रांक बी०एम०एस०आई० सी एल/इन्फ्रा/15/2012 10, दिनांक 21 नवम्बर, 2012 द्वारा जिला पदाधिकारी, गोपालगंज से गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखण्ड के मौजे पकड़ में जिला परिषद् की भूमि थाना नं० 392, खाता नं० 18, खेसरा नं० 289, रकबा 03-05-07 धूर में रेफरल अस्पताल निर्माण हेतु प्रस्ताव अनुशंसा के साथ मांग की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज ने ज्ञापांक 23/ रा०, दिनांक 8 जनवरी, 2014 द्वारा उक्त भूमि पर रेफरल अस्पताल निर्माण हेतु प्रस्ताव अनुशंसा के साथ प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग को भेजी थी जिसपर अबतक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला पदाधिकारी, गोपालगंज के प्रस्ताव के आलोक में उक्त स्थान पर रेफरल अस्पताल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## अंतरिम रिपोर्ट नहीं देने का औचित्य

*1479. श्री नितिन नवीन—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के अन्तर्गत बिहार में एन०आर०एच०एम० योजना के तहत हो रहे मुफ्त दवा वितरण कार्यक्रम के लिये दवा का क्रय स्वास्थ्य समिति द्वारा किया जाता था, परन्तु अब बिहार मेडिकल सर्विसेज इन्फ्रस्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वर्ष 2013-14 से किया जा रहा है, जिससे वह 5 से 300 प्रतिशत से अधिक दर पर दवाइयाँ खरीद रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार मेडिकल सर्विसेज इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लि० द्वारा मनमानी ढंग से कार्य करने के विरुद्ध राज्य सरकार द्वारा डॉ० के०के० सिंह की अध्यक्षता में 5 सदस्यी कमिटि का गठन जनवरी, 2014 में किया तथा उक्त कमिटि से 7 दिनों के भीतर जाँच रिपोर्ट की अपेक्षा की गई परन्तु 6 माह बीतने के बाद भी आजतक अंतरिम रिपोर्ट नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

निर्माण कराना

*1480. श्रीमती (डॉ०) उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखण्ड, महाबलीपुर पंचायत के अंकुरी ग्राम में एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन की स्थिति काफी जर्जर है, जो कभी भी गिर सकती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र के जर्जर भवन को नवनिर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*1481. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरूआ प्रखण्ड के बैज बिगहा ग्राम में ऐतिहासिक छोटा पहाड़ के पास शंकर भगवान का प्राचीन मूर्ति मिला था, यदि हाँ, तो क्या सरकार मूर्ति के अस्तित्व को बचाने के लिये उक्त स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रॉसफॉर्मर लगाना

*1482. श्रीमती आशा देवी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के विस्फी प्रखण्ड के अधीन चहुटा गाँव के आनन्दपुर टोला में ट्रॉसफॉर्मर नहीं रहने के कारण वहाँ के करीब 100 घर से बिजली की आपपूर्ति विगत छः महीने से बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोला में ट्रॉसफॉर्मर लगाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*1483. श्री ललन राम—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत कुटुम्बा विधान-सभा क्षेत्र के प्रखण्ड कुटुम्बा, नवीनगर एवं देव के गाँव नारा, कर्मा, देव सहित 98 ग्रामों एवं टोलों का विद्युतीकरण अभीतक नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों/टोलों के विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*1484. श्री विभाषचन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कुर्सेला प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुर्सेला में महिला चिकित्सक नहीं रहने के करण प्रसव कराने में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार महिला चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*1485. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत शिल्हौड़ी पर्यटन केन्द्र स्थित तालाब, सड़क एवं मंदिर की स्थिति दयनीय एवं जर्जर हो चुकी है जिससे पर्यटकों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तालाब, सड़क एवं मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है,यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*1486. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत प्रश्नकर्ता द्वारा 51 ट्रॉंसफॉर्मरों को बदलने हेतु 1 करोड़ 69 लाख रुपये की अनुशंसा 13 जुलाई, 2013 को की परन्तु एक वर्ष बीत जाने के बावजूद आजतक मात्र 16 ट्रॉंसफॉर्मर ही बदले गये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार शेष बचे 35 ट्रॉंसफॉर्मरों को कबतक बदलने तथा विलम्ब के लिये दोषियों पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युतीकरण कराना

*1487. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखण्ड ग्राम-मोहड़ा, कोयरीयाचक, अम्बा विगहा भलुआही, रजवाड़ा, गेहूनी, फूलविगहा सुखे विगहा, आदि गाँव महादलित एवं पिछड़ा बहुसंख्यक है, परन्तु आजतक उक्त गाँवों का विद्युतीकरण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राजीव गाँधी ग्राम विद्युतीकरण योजना से उक्त गाँवों में विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युत् आपूर्ति करना

*1488. श्री प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के अंधराठाढ़ी प्रखण्ड के ग्राम ठाढ़ी में शीला देवी के घर से देवकांत चौधरी के घर तक कंज्यूमर को बाँस के सहारे विद्युत् आपूर्ति की जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शीला देवी के घर से देवकांत चौधरी के घर तक बिजली का पोल गाड़कर विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति कराना

*1489. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत कुरेठा ग्राम पंचायत के धनपाड़ा गाँव में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजनान्तर्गत कार्य नहीं हुआ हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ विद्युतीकरण कार्य कर विद्युत् आपूर्ति का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*1490. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखण्ड मुख्यालय अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 30 बेड वाले अस्पताल बनाने की घोषणा तत्कालीन माननीय मुख्य मंत्री द्वारा दो वर्ष पूर्व किये जाने के बावजूद इसका क्रियान्वयन आजतक नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो इस अस्पताल को अबतक 30 बेड वाला अस्पताल नहीं बनाये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण

*1491. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखण्ड अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरवारा का भवन 10 वर्षों में जर्जर एवं चहारदीवारी विहीन हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मजदूरी दिलाना

*1492. डॉ० प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के पेसू अन्तर्गत फ्यूज बाधित होने एवं ब्रेक डाउन होने पर मेंटिनेंस का कार्य संवेदकों को आवंटित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदकों द्वारा उपर्युक्त कार्यों हेतु दक्ष बिजली मजदूरों की सेवा ली जा रही है, जिसके लिये उनको 3000 से 5000 रुपये प्रतिमाह मजदूरी दी जा रही है;

(3) क्या यह बात सही है कि दक्ष मजदूरी की न्यूनतम दर 275 रुपये प्रतिदिन निर्धारित है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पेसू के सभी स्किल्ड मजदूरों को कम मजदूरी दिये जाने की जाँच कराने एवं निर्धारित मजदूरी दिलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*1493. श्रीमती पुनम देवी यादव- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, खगड़िया में मई, 2013 से एक्स रे संचालक को राशि भुगतान नहीं होने से एक्स रे संचालक ने काम करना बंद कर दिया है, जिससे मरीजों को एक्स रे की सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक एक्स-रे संचालक के बकाये राशि का भुगतान कर मरीजों को एक्स रे की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्राँसफॉर्मर लगाना

*1494. श्री विनोद कुमार सिंह- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर रोशना बाजार, शालमारी बाजार, बस्तौल बाजार तथा प्राणपुर बाजार में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 25 हजार है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थानों पर 63 के०भी०ए० का ट्राँसफॉर्मर लगा है जो बराबर जल जाता है जिससे उपभोक्ताओं को काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर 200 के०भी०ए० का ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जाँच शुरू कराना

*1495. श्री रामानन्द राम- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत सभी सरकारी अस्पतालों में पब्लिक प्राइवेट पार्टनेरशीप के तहत संचालित एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड का कार्य 30 अप्रैल, 2014 से बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त एक्स रे का कार्य बन्द होने से बेगूसराय के सभी सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अस्पतालों में एक्स रे एवं अल्ट्रासउण्ड से जाँच शुरू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्राँसफॉर्मर लगाना

*1496. श्री शिवेश कुमार- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखंड के सोनवर्षा, बाबूबांध, बडिहाँ सहित अन्य गाँवों के ट्राँसफॉर्मर विगत कई माह से जले हुये हैं जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के जले हुये ट्राँसफॉर्मर को बदलकर उच्च क्षमता वाले ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*1497. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण में बाल्मीकिनगर में महर्षि बाल्मीकी आश्रम है;

(2) क्या यह बात सही है कि बाल्मीकी आश्रम को देखने के लिए देश-विदेश के पर्यटक आते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाल्मीकिनगर को पर्यटक केन्द्र के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्त करना

*1498. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधुबनी भितहाँ पिपरासी के लिए 4-4 चिकित्सक का पद सृजित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में मात्र एक एक चिकित्सक प्रतिनियुक्त हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में सृजित पद के अनुसार चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आपूर्ति देना

*1499. श्री (डॉ०) अच्युतानन्द--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखंड के महनार नगर पंचायत में स्वच्छ जलापूर्ति योजना की चार पंप हाउस से बिजली की कमी के कारण जल की आपूर्ति पिछले दो वर्षों से नहीं हो पा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा इसकी शिकायत पिछले दो वर्षों में कई बार स्थानीय एवं जिला के पदाधिकारियों के अलावा ऊर्जा विभाग में की गयी है जिसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महनार नगर पंचायत के पंप हाउसों को बिजली नहीं पहुँचाने के लिये दोषियों पर कार्रवाई करते हुये सभी पंप हाउसों को बिजली की समुचित आपूर्ति देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि विमुक्त कराना

*1500. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना से आवंटित कार्य की स्वीकृति वर्ष 2013-14 में हुई है, परन्तु निधि के अभाव में लम्बित है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंकेक्षक की ऑथिरिटी के अभाव में अबतक राशि विमुक्त नहीं हो पा रही है, जिसके कारण कार्य अवरुद्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवंटित कार्य के निष्पादन हेतु राशि विमुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण कराना

*1501. श्रीमती मुन्नी देवी क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखण्ड के सेमरिया अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भीमपट्टी, नव सृजित स्वास्थ्य केन्द्र, सरना तथा बरिसवन नवसृजित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध होने तथा वित्तीय वर्ष 2009 10 में सरकार की स्वीकृति मिलने के बावजूद भी आजतक भवन निर्माण से संबंधित कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आपूर्ति करना

*1502. श्री संजय सिंह टाईगर दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 15 सितम्बर, 2013 को प्रकाशित ''जहाँ वसूली अस्सी फीसदी वहाँ मिलेगी चौबीस घंटे बिजली'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 14 सितम्बर, 2013 को मुख्य सचिव, बिहार ने बिहार के 17 जिलाधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निदेश दिया कि जहाँ अस्सी फीसदी बिजली बिल का भुगतान होगा वहाँ 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनियमित कनेक्शन को हटाने, गलत विद्युत् विपत्र को सुधारने एवं अस्सी फीसदी भुगतान वाले जगहों पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

स्थापित करना

*1503. श्री तार किशोर प्रसाद क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विद्युत् आपूर्ति प्रमण्डल, कटिहार अन्तर्गत कटिहार नगर के अमला टोला इन्द्रपुरी मोहल्ले में संबंधित ट्राँसफॉर्मर की क्षमता से अधिक विद्युत् अधिभार रहने के कारण उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मोहल्लों में अतिरिक्त ट्राँसफॉर्मर स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति कराना

*1504. श्री कृष्णनन्दन यादव क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखण्ड के नौघड़ में विद्युत् सब स्टेशन का निर्माण कार्य 3 वर्ष पूर्व पूर्ण हो गया, परन्तु आजतक उससे विद्युत् आपूर्ति नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में खिजरसराय प्रखण्ड में निर्मित नौघड़ विद्युत् सब-स्टेशन से बिजली आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पावर सब स्टेशन का निर्माण

*1505. श्री रतनेश सादा- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा विधान सभा क्षेत्र के पतरघट प्रखण्ड अन्तर्गत विद्युत् आपूर्ति 24 घंटे में दो से तीन घंटे ही रहने से मेधावी छात्र छात्राओं को पठन पाठन करने तथा लघु उद्योग पर बुरा असर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में पतरघट प्रखण्ड में पावर सब स्टेशन का निर्माण कर विद्युत् आपूर्ति कम से कम 10 घंटे करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*1506. श्री (मो0) आफाक आलम - क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के गुहरी पंचायत के उप स्वास्थ्य केन्द्र हेतु एक चिकित्सक का पद विगत 20 वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था करना

*1507. श्रीमती (प्रो0) उषा सिन्हा - क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि इलाज में स्ट्रलाइजेशन के बिना टूल्स का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है, पर पटना जिला के पटना सिटी स्थित गुरुगोविन्द सिंह अस्पताल में चार माह से स्ट्रलाइजेशन मशीन खराब होने की वजह से मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ नया स्ट्रलाइजेशन मशीन की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*1508. डॉ0 मो0 जावेद - क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखण्डों में अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पद के विरुद्ध डॉक्टर पदस्थापित नहीं हैं, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

---

जाँच कराना

*1509. श्री राम प्रवेश राय - क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गत वर्ष 2013 में गोपालगंज जिलान्तर्गत विद्युत् विभाग में मानव बल के लिये निविदा निकाली गयी थी जिसके आवंटन में प्रक्रियात्मक गड़बड़ी की गई है, यदि हाँ, तो इसकी जाँच हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

भवन निर्माण कराना

*1510. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखण्डान्तर्गत दुधेला पंचायत के ग्राम मखदुमपुर के स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भूमि उपलब्ध रहने के बाद भी आजतक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन का निर्माणा नहीं कराया जा सका है जबकि स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्वीकृति वर्ष 2007-08 में मिली है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*1511. श्री (डॉ०) अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखण्ड में यूनानी औषधालय जलय में अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त औषधालय में दस वर्षों से यूनानी चिकित्सक एवं पाँच वर्षों से कम्पाउन्डर पद स्थापित नहीं रहने के कारण औषधालय मृत प्राय: है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त औषधालय में चिकित्सक एवं कम्पाउन्डर पदस्थापित करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---------

सुविधा सृजित करना

*1512. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पीपरा कोठी प्रखण्ड के पंडितपुर पंचायत के वेलवतीया में कबीर पंथ स्वयं अवस्थित है जहाँ भादो चतुर्दशी को देश एवं पड़ोसी देश नेपाल के हजारों-हजार कबीर पंथी भक्त उपस्थित होकर कबीर समागम करते हैं, यदि हाँ, तो इस पर्यटक स्थल पर विश्रामालय एवं अन्य सुविधा सृजित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

बहाल करना

*1513. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत कटरा प्रखण्ड स्थित जजुआर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत 16 वर्षों से जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण चिकित्सक नहीं आते हैं, जिसके कारण प्रखण्ड के स्थानीय नागरिकों को 20 कि०मी० की दूरी तय कर कटरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन का जीर्णोद्धार कर स्वास्थ्य संबंधी कार्य को बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1514. श्री लक्ष्मी नारायण प्र० यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पलाही प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला एवं शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक तथा दवा की कमी रहने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार चिकित्सकों का पदस्थापन एवं दवा की आपूर्ति करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन की मरम्मती कराना

*1515. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत बरियारपुर प्रखण्ड के पूर्वी एवं पश्चिमी करहडिया पंचायत मुख्यालय में बने स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन विगत दस वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण रोगियों को बरसात के मौसम में इलाज कराने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के भवन की मरम्मती यथाशीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*1516. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि टी०आर० डब्लू विद्युत् बोर्ड दरभंगा को विद्युत् कार्यपालक अभियंता के पद पर विद्युत् कार्य प्रमंडल, पटना में पदस्थापित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा विभाग में विद्युत् कार्यपालक अभियंता स्तर के चार-चार पद खाली है ;

(3) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग के पत्रांक 7020, दिनांक 24 फरवरी, 2005 द्वारा बाह्यकारी परिस्थिति में उच्च पद का प्रभार वरीय पदा० को दिये जाने का प्रावधान है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार टी०आर०डब्लू अपने पैतृक विभाग में वापस करते हुये वरीय पदाधिकारी को वि०का० अभियंता के पद पर विद्युत् कार्य प्रमंडल, पटना में पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा मुहैया कराना

*1517. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जयनगर के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिये आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आवासीय सुविधा नहीं होने के कारण रात्रि ड्यूटी करने वाले चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है जिस कारण स्वास्थ्य सेवा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त कर्मियों के लिये आवासीय सुविधा मुहैया कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तार नहीं बदले जाने का औचित्य

*1518. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत धोरैया विधान-सभा के सभी 11 हजार वोल्ट के जर्जर तार को बदलने का निर्णय 2012 ई0 में लेने के बावजूद इसे अबतक नहीं बदला गया है, तो इसे अबतक नहीं बदले जाने का क्या औचित्य है ?

---

लाभ नहीं देने का औचित्य

*1519. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार योजना सेवा उप-निदेशक स्तर के पदाधिकारियों की सेवा बीस वर्षों से अधिक हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 20 वर्षों की सेवा होने के बावजूद भी इन पदाधिकारियों को ए0 सी0 पी0 एवं एम0 सी0 पी0 का लाभ नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पदाधिकारियों को 20 वर्षों की सेवा होने के बावजूद ए0 सी0 पी0 एवं एम0 सी0 पी0 के लाभ नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---

पावर सब-स्टेशन को जोड़ना

*1520. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के हिसुआ प्रखंड के हिसुआ पावर सब-स्टेशन को नवादा ग्रिड के द्वारा विद्युत् की आपूर्ति की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हिसुआ प्रखंड के हिसुआ पावर सब-स्टेशन गया जिले के बजीरगंज ग्रिड के बगल में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बजीरगंज ग्रिड से हिसुआ पावर सब-स्टेशन को जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1521. श्री (डॉ0) फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013-14 में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत मधुबनी जिला के बिस्फी विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-कठैला एवं ग्राम-बलाट में तार पोल एवं ट्रॉंसफॉर्मर लगाकर विद्युतीकरण करने हेतु प्राक्कलन के अनुसार राशि छ: माह पूर्व ही ऊर्जा विभाग को उपलब्ध करा दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय विधायक एवं उक्त गाँव के आमजनों द्वारा संवेदक एवं कार्यपालक अभियंता, मधुबनी से आग्रह के बावजूद उक्त गाँवों में आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में तार-पोल एवं ट्रॉंसफॉर्मर उपलब्ध कराकर विद्युतीकरण कराने एवं दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने एवं संवेदक को ब्लैक लिस्टेड करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1522. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के बड़की अहियापुर, ओझा बिगहा ग्राम में आजतक विद्युतीकरण कार्य नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ठीक कराना

*1523. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत समेली प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र समेली का एम्बुलेंस दिसम्बर, 2013 से खराब है, यदि हाँ, तो क्या सरकार एम्बुलेंस को ठीक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित कराना

*1524. श्री (डॉ0) प्रेम कुमार--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 18 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''फिलहाल थोड़ा है, ज्यादा की जरूरत है'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि करीब दर्जन भर निजी कंपनियों ने थर्मल विद्युत् परियोजनायें स्थापित करने के लिये बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के साथ एकरारनामा किया है परन्तु सात वर्ष बीत जाने के बाद भी एक भी परियोजना मूर्त रूप नहीं ले सकी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार एकरारनामा के तहत विद्युत् परियोजनाओं को स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मरम्मती कराना

*1525. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल, सकरा (ढोली) का भवन काफी जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल के जर्जर भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1526. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, घोघरडीहा एवं फुलपरास में एक्स-रे मशीन का प्रावधान होने के बाद भी अस्पताल में एक्स-रे मशीन की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण गरीब मरीजों को बाजार में एक्स-रे कराना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित अस्पताल में एक्स-रे मशीन व्यवस्था के लिये सरकार कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सुनिश्चित करना

*1527. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी  क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत बरियारपुर प्रखंड मुख्यालय में स्थित विद्युत् पावर सब-स्टेशन की स्थापना 20 वर्ष पूर्व की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब-स्टेशन में बर्षात के दिनों में पानी भर जाने के कारण पावर सब-स्टेशन से विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पावर सब स्टेशन के प्लेटफॉर्म को ऊँचा कर विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

कार्रवाई करना

*1528. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह  क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, पटना में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई होती थी;

(2) क्या यह बात सही है कि कर्मियों के कमी एवं बिना तकनीकी योग्यता के लैब टेकनिशियन नियुक्ति एवं आवश्यक पंजी में त्रुटिपूर्ण संधारण रहने के कारण छात्रों के नामांकन पर रोक आयुष विभाग, भारत सरकार द्वारा लगा दिया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, पटना में पुनः छात्रों का नामांकन हेतु उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आरक्षण रोस्टर का पालन करना

*1529. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि देशी चिकित्सा निदेशालय, पटना के अधीन उप-निदेशक, आयुर्वेद का पद वर्ष 1982 से सृजित है किन्तु आजतक उक्त पद पर बिना आरक्षण रोस्टर का पालन किए सिर्फ सामान्य कोटि के पदाधिकारियों की नियुक्ति हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पद पर नियुक्ति हेतु आरक्षण रोस्टर का पालन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1530. श्री कृष्ण कुमार ऋषि  दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 9 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''अस्पताल में दलालों का दबदबा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत सदर अस्पताल में दलालों की गतिविधियाँ थमने का नाम नहीं ले रही है, मरीजों को बहला फुसला कर निजी क्लिनिकों में इलाज हेतु ले जाया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण कराना

*1531. श्री हरिनारायण सिंह- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरनौसा में चहारदीवारी नहीं, है, यदि हाँ, तो इसे बनवाने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

देशी चिकित्सालय खोलना

*1532. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू'' क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखंड में सरकारी प्रावधान के बावजूद अबतक देशी चिकित्सालय नहीं खोला गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त प्रखंड में देशी चिकित्सालय खोलना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कनेक्शन देना

*1533. श्री संजय सरावगी- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के कंशी, शीशो पश्चिमी, शीशो पूर्वी, रानीपुर, कबीरचक, वासुदेवपुर, सारामोहम्मद एवं शहवाजपुर आदि पंचायतों में विद्युत् कनेक्शन लेने हेतु ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में ग्रामीणों को विद्युत् कनेक्शन देने हेतु विशेष कैंप की व्यवस्था कर विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*1534. श्री विनोद कुमार सिंह क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के 28 पंचायतों में पावर ग्रिड नहीं रहने के कारण बिजली आपूर्ति अनियमित होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार आजमनगर प्रखंड मुख्यालय के निकट पावर ग्रिड स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*1535. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू'' क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखंड मुख्यालय में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित डॉक्टर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को सरकारी आवास नहीं होने के कारण घोर असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आवासीय भवनों का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*1536. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड के राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय भुल्ली का भवन पाँच वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त औषधालय के भवन निर्माण हेतु प्रश्नकर्ता ने पत्रांक 505, दिनांक 25 दिसम्बर, 2012 को संबंधित माननीय मंत्री को पत्र लिखा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त औषधालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*1537. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम नेवाजी बिगहा, प्रभु बिगहा में दो डीश इनसुलेटर तथा पुराना पी.एस0सी0 पोल वर्ष 1995 से गाड़ा हुआ है किन्तु पूर्ण रूप से विद्युतीकरण अभीतक नहीं किया गया है, जिससे जनता विद्युत् की सुविधा से पूर्ण रूप से वंचित है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*1538. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखण्ड भगवानपुर हाट के ग्राम पंचायत ब्रह्मस्थान के ग्राम मछगरा के दूबे टोला में बिजली की आपूर्ति नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोला में पोल, तार एवं ट्राँसफॉर्मर लगाकर विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्राँसफॉर्मर लगाना

*1539. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के विद्युत् सब-स्टेशन ढाका से ढाका प्रखण्ड एवं पताही अंशतः तथा बैरगनीया प्रखण्ड को विद्युत् आपूर्ति की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ढाका सब-स्टेशन में 10 वर्ष पूर्व से 5 एम0वी0ए0 की पावर ट्राँसफॉर्मर लगा हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 10 वर्ष में ढाका सब-स्टेशन से जुड़े प्रखण्डों में उपभोक्ताओं की संख्या में 10 गुणा की वृद्धि हुयी है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्युत् सब-स्टेशन ढाका में 30 एम0वी0ए0 का पावर ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सा व्यवस्था कराना

*1540. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधेपुर, फुलपरास एवं घोघरडीहा के क्षेत्राधिकार में पड़ने वाले अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा की कोई व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में समुचित चिकित्सा व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापना करना

*1541. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अनुसंधान इकाई, पटना पिछले दस वर्षों से बन्द है तथा आयुर्वेदिक अनुसंधान पदाधिकारी का पद 10 (दस) वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अनुसंधान इकाई, पटना को चालू करते हुये आयुर्वेदिक अनुसंधान पदाधिकारी की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार बदलना

*1542. श्री ललन राम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत कुटुम्बा विधान-सभा के सभी 11 हजार एवं 440 वोल्ट के जर्जर तार को वित्तीय वर्ष 2012-13 में बदलने की सरकारी योजना थी, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र के सभी 11 हजार एवं 440 वोल्ट के जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*1543. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखण्ड के ग्राम कोइनी तथा गौसिया में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र मौजूद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में एक भी चिकित्सक का पदस्थापन नहीं है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*1544. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के दरमाहा, दिलखरपुर, पीपरावेम, रघुनाथपुर एवं मैदन शिरशिया पंचायत में विद्युतीकरण के लिये जिला योजना पदाधिकारी, मोतिहारी ने अपने पत्रांक 382/जि0यो0 दिनांक 7 अप्रैल, 2012 तथा स्मार पत्रांक 508/दिनांक 16 मई, 2012 द्वारा निदेशित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सं0 प्रबंधक एन0एच0पी0सी0 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उपरोक्त राजस्व गाँव में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के 10वीं/11वीं योजना अन्तर्गत कार्य किया जा चुका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि एन0एच0पी0सी0 द्वारा कराये गये कार्य अधूरा एवं अपूर्ण है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उग्रवाद प्रभावित पंचायतों में विद्युतीकरण का कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

हरे राम मुखिया,<br>प्रभारी सचिव,<br>बिहार विधान-सभा ।

पटना :<br>दिनांक 25 जुलाई, 2014 (ई०) ।

---------

बि०स०मु० (एल०ए०) 79--डी०टी०पी०--450